मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

कदम कदम पर

संपादक: छोटेलाल शर्मा

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक :** छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 | अंक -03 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 09 से 15 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

मेट्रो परियोजना की मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री शिंदे ने केंद्र सरकार से किया अनुरोध

ठाणे : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे शहर में प्रस्तावित रिंग मेट्रो परियोजना के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी देने का अनुरोध किया है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शिंदे ने शुक्रवार को दिल्ली यात्रा के दौरान केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की और प्रस्तावित परियोजना के लिए मंजूरी मांगी।

यह परियोजना केंद्र के पास लंबित है। जिला प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 29 किलोमीटर लंबी ठाणे रिंग मेट्रो परियोजना का प्रस्ताव तैयार किया गया और इसे मंजूरी के लिए केंद्र के पास भेजा गया।

विज्ञप्ति के अनुसार, मार्ग में 22 स्टेशन होंगे। ठाणे रिंग मेट्रो का 26 किलोमीटर हिस्सा ऊंचाई पर होगा और शेष तीन किलोमीटर का हिस्सा भूमिगत होगा। इसमें कहा गया कि भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में से एक को ठाणे रेलवे स्टेशन से जोड़ा जाएगा और अन्य स्टेशन को मेट्रो कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा।

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुप्रसिद्ध अभिनेता रामचरण तेजाजी ने श्रीसिद्धिविनायक मंदिर में गणपति बाप्पा का दर्शन लिया।मंदिर ट्रस्ट के विश्वस्त सर्व श्री राजाराम देशमुख ने उन्हें शाल और श्रीफल गुलदस्ता व गणपति की मूर्ति देकर सम्मानित किया।

जातीय गणना की सुलगने लगी आग

बिहार की तर्ज पर उठी मांग, नाना पटोले से मिला उत्तर भारतीय ओबीसी प्रतिनिधिमंडल

मुंबई. बिहार में जातीय जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद पूरे देश में ओबीसी की राजनीति अब करवटें बदलने लगी है, जातिगत जनगणना को लेकर बीजेपी जहां हिंदुओं को बांटने की साजिश करार दे रही है. वहीं कांग्रेस पार्टी सहित इंडिया गठबंधन के सभी दलों की बांछे खिल गई हैं. 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा व मनपा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी अब ओबीसी पर डोरे डालना शुरू कर दी हैं. कांग्रेस पार्टी अब उन तमाम उत्तर भारतीय ओबीसी नेताओं को तवज्जो देना शुरू कर दिया है जो लंबे समय से हाशिये पर थे. उत्तर भारतीय ओबीसी महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को महाराष्ट्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले से मिलकर महाराष्ट्र में भी जातिगत जनगणना की मांग करते हुए महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण की मांग की है.

कांग्रेस का परंपरागत वोटर रहा है ओबीसी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने राजनीति में ओबीसी समाज को लेकर आई शून्यता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ओबीसी समाज को न्याय नहीं मिला है, ओबीसी कांग्रेस का परंपरागत वोटर रहा है. कांग्रेस के प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की सरकार ने ओबीसी को आरक्षण के तहत पहली नौकरी दी थी. मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार ने आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसी

उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी को पहली बार शैक्षणिक आरक्षण दिया. पटोले ने कहा कि मोदी सरकार 2 वर्षों में ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति तक नहीं दे पाई है.

भाजपा की ओबीसी वोट बैंक को साधने की कोशिश

भाजपा भी ओबीसी मतदाताओं को रिझाने की कोई कसर नहीं छोड़ रही है. 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव जीत में ओबीसी वोट का योगदान रहा है. भाजपा को करीब 48% वोट ओबीसी का मिला था. इन वोटों को स्थायी रूप से अपने साथ जोड़ने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की है. इस योजना से देश की करीब 145 ओबीसी जातियों के कई समुदायों को लाभ देने की बात की जा रही है.

मिलनी चाहिए समानुपातिक राजनैतिक भागीदारी

उत्तर भारतीय ओबीसी महासभा के अध्यक्ष डॉ. यूपी सिंह ने कहा हमने कांग्रेस पार्टी से मांग किया है कि कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना को पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करे और बिहार फॉर्मेट की तरह देश के अंदर जातीय जनगणना कराई जाये. उन्होंने कहा कि जिस तरह से एहर पूरे देश में आरक्षण में एक समान नियम से लागू किया गया, उसी तरह से एक राज्य से विस्थापित होकर दूसरे राज्यों में रहने वाले को ओबीसी के आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए. ओबीसी समाज को समानुपातिक राजनैतिक भागीदारी मिलना चाहिए. प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष एसके सिंह, सुरेश कापरे, धर्मराज प्रजापति, रामजी बिंद, आरके यादव, काशीनाथ गुप्ता, अशोक शर्मा, धर्मराज प्रजापति, छोटेलाल शर्मा, रामलाल विश्वकर्मा आदि शामिल रहे.

आठ धाम की यात्रा से दिव्य देव स्थलों के दर्शन का सौभाग्य

प्रस्तुतिः जेपी शर्मा

आठ धाम यात्रा, जिसे आठ दिव्य तीर्थों की यात्रा के रूप में भी जाना जाता है, इन तीर्थ स्थलों की यात्रा का जिसका हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। ये पवित्र स्थल लुभावने हिमालय क्षेत्र में फैले हुए हैं, जो न केवल आध्यात्मिक संवर्धन प्रदान करते हैं बल्कि इस राजसी परिदृश्य की प्राकृतिक सुंदरता से जुड़ने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान करते हैं। मेरी यात्रा सितंबर 25 से शुरू हुई और दस दिनों तक चली।

इसी दौरान, मैं मेरी धर्मपत्नी के साथ बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री और अन्य जैसे प्रसिद्ध मंदिरों और पवित्र स्थलों के दिव्य दर्शन का लाभ मिला। ये मंदिर विभिन्न देवताओं को समर्पित हैं, और प्रत्येक पड़ाव मुझे आशीर्वाद लेने, ध्यान में संलग्न होने और क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं में डूबने की अनुभूति प्राप्त हुई।

यहां पर बताना चाहूंगा कि जैसे ही मैं इस तीर्थयात्रा पर निकल रहा था, मेरे मन में विचार आया कि यात्रा आध्यात्मिक हो सकती है परंतु यात्रा कभी-कभी शारीरिक रूप से कठिन भी हो सकती है, लेकिन इन देव स्थानों पर आध्यात्मिक और साथी यात्रियों के बीच समुदाय की भावना वास्तव में अद्वितीय होती है। इन पवित्र पथ पर आप सदैव अपने आप को ऊजार्वान महसूस करेंगें। मेरे प्रिय शुभचिंतकों भले ही आप शारीरिक रूप से मुझसे इस यात्रा से जुड़ने में असमर्थ थे पर आपका नैतिक समर्थन और आशीर्वाद मेरे लिए अमूल्य था। इस परोपकारी यात्रा पर निकलते समय मैं अपने अनुज राजन शर्मा और उनके परिवार की एयरपोर्ट पर उपस्थिति को अपने हृदय में रखता हूँ। इस मंगलमय यात्रा के प्रस्थान पर हमारा सपरिवार अभिवादन किया।



संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

औद्योगिक तख्तापलट

चीन में मंदी और 'चाइना प्लस वन' (निवेश के लिए चीन के अलावा एक अन्य केंद्र) की रणनीति को लेकर बहस के बीच एक खतरा इस बात को भुला बैठने का भी है कि किस तरह चीन ने अगले कई दशकों के सबसे अहम कारोबारों के लिहाज से स्वयं को सर्वाधिक अनुकूल स्थिति में पहुंचा दिया है। ये कारोबार हैं सौर और पवन ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, नए-महत्त्वपूर्ण पदार्थ और शायद सेमीकंडक्टर भी। विभिन्न देश इस बात से जूझ रहे हैं कि ऐसे दबदबे से कैसे निपटा जाए। इस बीच यह समझना आवश्यक है कि चीन का मौजूदा दबदबा महज संयोग है या फिर वह पहले से हासिल विनिर्माण शक्ति का ही प्रदर्शन है। यह भी कि रणनीतिक दूरदर्शिता कितनी महत्त्वपूर्ण थी या फिर पश्चिमी दुनिया ढीली पड़ गई? इसका जवाब है-उपरोक्त सभी। बीते 15 से 20 वर्षों में एक किस्म का औद्योगिक तख्तापलट जैसा हुआ है। जबकि हमारे नीतिगत विशेषज्ञ खिलौनों और वस्त्रों के क्षेत्र में चीन की नीतियों का अनुकरण करने की वकालत कर रहे थे। दुनिया ने जागने में बहुत देर कर दी। अमेरिका सिलिकन वैली में अपने तकनीकी उद्योगपतियों की कामयाबी और लाखों करोड़ डॉलर की संपत्ति तैयार होने का जश्न मना रहा था। इस बीच चीन उसकी आपूर्ति का आधार बन गया। वह चुपचाप नए बुनियादी कारोबारों में दबदबा कायम करता गया। आज चीन जिस स्थिति में है वहां वह दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहन, सौर पैनल और पवन ऊर्जा टर्बाइन तथा इनके निर्माण से जुड़े उपकरणों की अधिकतम आपूर्ति कर सकता है। इन क्षेत्रों में चीन पर निर्भरता समाप्त करने में कई वर्षों का समय लगेगा। इस बीच चीन ऐसी स्थिति में है कि वह व्यापार प्रतिबंधों की धमकी दे सकता है। हाल ही में गैलियम और जर्मेनियम की आपूर्ति रोककर उसने ऐसा दिखाया। ये धातुएं चिप निर्माण के लिए अहम हैं। पश्चिम को स्वयं को ही दोष देना चाहिए। जिस समय सदी करवट ले रही थी, जर्मनी ने छतों पर सौर पैनलों की स्थापना को बढ़ावा दिया और उसने चीन को प्रोत्साहित किया कि वह इनकी मांग पूरी करे। अन्य यूरोपीय देशों ने भी ऐसा ही किया। इसके बाद चीन ने तेजी से उत्पादन का विस्तार किया जिससे उसका लागत लाभ बढ़ा। सब्सिडी इसके अलावा थी। इसके चलते पश्चिमी देशों के सैकड़ों प्रतिस्पर्धी बाहर हो गए। अब सौर पैनल की पूरी मूल्य श्रृंखला पर चीन का दबदबा है। विंड टर्बाइन बाजार में चीन की हिस्सेदारी 60 फीसदी की है और दवाओं के निर्माण में काम आने वाले कच्चे माल पर उसका नियंत्रण है। भारत का दवा उद्योग भी उसी पर निर्भर है। इस बीच चीन की कार कंपनियों ने इलेक्ट्रिक वाहनों के भविष्य को पहचान लिया। बैटरी तकनीक इन वाहनों के लिए सबसे अहम है और चीन ने इस क्षेत्र में अहम तकनीकी बढ़त हासिल करके सस्ती बैटरियां तैयार कीं। चीनी कंपनियों द्वारा सस्ती इलेक्ट्रिक कार तैयार करने से बिक्री बढ़ने लगी। इसके साथ ही टेस्ला को यह प्रोत्साहन भी मिला कि वह शांघाई की एक बड़ी बैटरी निमार्ता फैक्टरी में निवेश करे। रणनीतिक दूरदर्शिता की बात करें तो कच्चे माल के क्षेत्र में यह सर्वाधिक स्पष्ट है। चीन ने कॉन्गो के कोबाल्ट और बोलिविया के लीथियम के अधिकांश हिस्से का उत्खनन किया। उसने पश्चिमी कंपनियों का स्थान लिया। जब इंडोनेशिया ने गैर परिशोधित निकल का निर्यात बंद किया तो चीन के रिफाइनर बड़ी संख्या में वहां पहुंच गए। चीन ने ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और यूरोप में भी ऐसी कंपनियां खरीदीं जिनके पास तकनीक थी या फिर जो अहम उपकरण बनाती थीं।

'अनघ' कला प्रदर्शनी

रंगों और साहित्य की पवित्र पावन यात्रा 'अनघ' कला प्रदर्शनी का नेहरू आर्ट सेंटर, वर्ली, मुंबई, सर्कुलर आर्ट गैलरी में भव्य उद्घाटन हुआ। इस अद्भुत कला के नये आयामों को, आध्यत्मिकता की झलक के साथ प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन, pradeep mahapsekar, bhagvan das, deepesh salgia ने किया।

इस प्रदर्शनी में एक नयी सात्विक विचारधारा द्वारा कबीर दास जी के दोहों द्वारा, जीवन के मर्म को कलात्मक तरीके से दशार्या गया है।

आर्टिस्ट, ऑथर, कॉलमिस्ट संदीपा बागरेचा का कहना कि, 'पेंटिंग्स महज आपके घर की सजावट ही नहीं होती है वह आपकी सोच, नजरिया, व्यक्ति और व्यक्तित्व की परिपक्वता को भी बयां करती है। संदीपा आगे कहती हैं, कि वह जो कहावत है कि 'दीवारों के भी कान होते हैं' मगर उन पर अगर कला अंकन हो तो दीवारें भी

बोल उठती हैं। घर में सुखी-समृद्ध एवं शान्ति आती है।

आर्टिस्ट संदीपा बागरेचा ने कबीर दास जी के दोहों को एक अलग नया में अंदाज में प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने symbolic अब्स्ट्रैट आर्ट के जरिये पूरी जीवन यात्रा का सार चित्रों में बनाया है, और नवग्रहों की छटा भी बिखेरी है। ९ अक्टूबर २०२३ तक चलने वाली आर्ट प्रदर्शनी में कला और अध्यात्म का अनघ रूप है। इस कला प्रदर्शनी में संदीपा के पति श्री तरुण बागरेचा का दिल से सहयोग सराहनीय है।

साहित्य कला और अध्यात्मिक विचारधारा तथा कंट्रास रंगों के मेल से सुसज्जित इस अप्रतिम कला प्रदर्शनी की आर्टिस्ट श्रीराम शर्मा और ओबैदुं रेहमान ने भूरि भूरि प्रशंसा किया।

एडवोकेट रामकीरथ शर्मा सरक्षक भारतीय नाई कल्याण विकाश सेवा सिमिति जी का मुंबई आगमन पर किया गया भव्य सत्कार

मुंबई, एडवोकेट रामकीरथ शर्मा सरक्षक व कानूनी सलाहकार भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सिमिति जौनपुर का मुंबई आगमन पर समाज के तमाम लोगो ने की सत्कार वकील साहब के समय के ब्यस्तता को देखते हुए लोगो ने उनके निवास स्थान सायन कोड़ीवाड़ा में जाकर की शिष्ठाचार मुलाकात और की भव्य सत्कार साथ में उपस्थित अनिल शर्मा, हरिशंकर शर्मा, राजेश शर्मा, श्याम जी शर्मा, मंजेश शर्मा, गौरव शर्मा सभी लोगो ने पुष्प हार व कुछ उपहार देकर की सत्कार वकील साहेब ने समाज के विकास के लिए बहुत सूझ बुझ के साथ डाला प्रकाश और वकील साहेब ने भारतीय नाई कल्याण विकाश सेवा सिमिति के कार्यो के प्रति लोगो को बताया की दिनेश शर्मा के नेतृत्व में भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सिमित कई जिलों में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है जो कबीले तारीफ है !

महाराष्ट्र में दो किशोरियों के यौन उत्पीड़न के आरोप में टैक्सी चालक गिरफ्तार

ठाणे : महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने दो किशोरियों का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी 39 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी संदीप सोनावणे ऑटोरिक्शा चालक है, लेकिन शुक्रवार दोपहर करीब सवा 12 बजे जब उसने कथित तौर पर अपराध को अंजाम दिया तब वह अपने एक दोस्त की टैक्सी चला रहा था। अधिकारी ने बताया कि जब टैक्सी बोनकोडे इलाके की ओर जाने वाली सड़क पर थी तब सोनावाणे ने 14 और 15 साल की किशोरियों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। अधिकारी ने बताया कि लड़कियों की चीखें सुनने के बाद स्थानीय लोग मदद के लिए पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया।

धीरज शर्मा युवा नेता के जन्म दिन पर अनिल शर्मा सहित तमाम लोगो ने दी बधाई

प्रयागराज, धीरज शर्मा अपना दल नेता के जन्मदिन है पहल परिवार सहित तमाम संगठन के लोगो ने जन्म दिवस पर उनके उज्जवल भविष्य की एवं समाज के सभी लोगो ने धीरज के प्रति आशा करता है कि वह समाज के प्रति ऐसे ही समर्पित भाव से काम करते रहेंगे।अपना दल के तमाम नेता गण ने भी धीरज को दी बधाई महाराष्ट्र मुंबई से अनिल शर्मा ने भी जन्म की बधाई देते हुए कहा धीरज पुरे समाज के आई कॉन है जो सभी के दुख सुख में हमेशा तत्पर रहते है !

मुंबई में फिर बढ़ा भाषा पर विवाद, गुजराती में लिखा बोर्ड तोड़ा गया

मुंबई। शहर में गुजराती-मराठी भाषा पर फिर राजनीति शुरू हो गई है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने शनिवार रात घाटकोपर पूर्वी स्टेशन रोड के पास गुजराती में लिखा ह्यमेरा घाटकोपरह्ण बोर्ड तोड़ दिया और उस पर शिवसेना (उद्धव ठाकरे) का चुनाव चिह्न वाला पोस्टर चिपका दिया। इस बारे में शिवसेना (उद्धव) ने कहा कि यह काम किसी मराठी-प्रेमी व्यक्ति ने किया है। कुछ वर्ष पहले महात्मा गांधी रोड और स्टेशन रोड के बीच ट्राफिक आइलैंड के सौंदर्यीकरण के दौरान बीएमसी ने अंग्रेजी, मराठी और गुजराती में तीन बोर्ड लगाए थे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
कदम कदम पर
संरक्षक
जे.पी. शर्मा
संपादक
छोटेलाल शर्मा
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
अनिल शर्मा
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)
राजन शर्मा
आर्थिक सलाहकार
सतीशचंद्र गुप्ता
प्रतिनिधि
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा
कानूनी सलाहकार
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. ९४५२७९१५७०
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

विश्वनाथ गंज विधानसभा में बनेगा जननायक कर्पूरी ठाकुर द्वार...

प्रयागराज, मऊआईमा प्रयागराज के वृन्दावन गेस्टहॉउस में पहल परिवार के तत्वाधान में आयोजित हुआ !बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायककर्पूरी ठाकुर जन्मशताब्दी कार्यक्रम !जिसमें मुख्य अतिथि रहे विश्वनाथ गंज विधानसभा के विधायक जीतलाल पटेल, और पहल परिवार के संस्थापक डा.सुरेश सेन, कमलेश शर्मा प्रधानाचार्य, राजेश शर्मा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, सागर शर्मा शैलून सभा, !

और कार्यक्रम में प्रमुखरूप मौजूद रहे सुप्रसिद्ध गायक और आकाशवाणी उद्घोषक संजय शर्मा, सचिन शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, नीरज शर्मा वरिष्ठ युवा समाजसेवी यमुनापार,राहुल शर्मा, मिथुन शर्मा,लालचन्द्र शर्मा, शिवबाबू शर्मा, आशीष शर्मा, सोनू शर्मा,राजेंद्र शर्मा आदि !

कार्यक्रम के संचालक रहे डी. के. शर्मा!

पहल परिवार के संस्थापक डा, सुरेश सेन ने विधायक जीतलाल पटेल को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया !और पूरी टीम ने जननायककर्पूरी ठाकुर द्वारा और पार्क बनाने के लिए विधायक को दिया ज्ञापन !

अंत में मुख्य अतिथि विश्वनाथ गंज विधानसभा के विधायक जीतलाल पटेल ने अपने उदबोधन के दौरान कहा किकर्पूरी ठाकुर जी अति गरीब परिवार से थे और गरीबी को बड़े करीब से देखा था !श्री ठाकुर जी गरीबों के मसीहा थे उनकी स्मृति में द्वारा और पार्क बनवाकर मै धन्य हो जाउगा !साथ ही साथ उन्होंने कहा किकर्पूरी ठाकुर द्वार और पार्क मैं अति शीघ्र जरूर बनवाऊगा !गेस्टहॉउस मै उपस्थित सैकड़ो नाई समाज के लोगो ने विधायक का जताया आभार !

रविंद्र कुमार शर्मा मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा भदोही का मुंबई आगमन पर किया गया सत्कार

मुंबई, मेरे हृदय प्रिय बड़े भाई, जन जन के आवाज को सम्मान करने, समाज के दुःख, दर्दो के साथी, देश ही नहीं अपितु विदेशों में अपने सरल स्वभाव के धनी, हँस मुख, नई दिशा व दूरगामी, बिचारो को सदैव अपने लोगों को नई चेतना पैदा करने में अहम भूमिका निभाने वाले परम प्रिय बड़े भाई जी अनिल शर्मा जी के आवास मुंबई में समाज के प्रति कुछ बाते हुई और अंगवस्त्र देकर सप्रेम भेट और साथ में मंजेश शर्मा गोपाल शर्मा उपस्थित रहे

रविन्द्र कुमार शर्मा
२ मंडल अध्यक्ष भाजपा पिछड़ मोर्चा भदोही ग्रामीण

रामनगर की लीला से प्रेरणा लेकर चुनार में भी रामलीला कराने की भावना लीला प्रेमियों में जागृत हुई थी

शिवा शर्मा

चुनार। नगर की प्राचीन रामलीला में साहित्य पुरोधा पांडेय बेचन शर्मा ह्लउग्रह्व ने भी अपने बाल्यावस्था में माता जानकी का अभिनय किया था। बताते चलें कि 186 वर्ष पूर्व रामनगर की लीला से प्रेरणा लेकर नगर में भी रामलीला कराने की भावना आई थी जिसके बाद नगर के द्वारिका प्रसाद पांडेय, विशुन प्रसाद अग्रवाल, काशी प्रसाद अग्रवाल, पं0बेचन महराज, पारसनाथ अवस्थी के पूर्वजों ने मिलकर रामलीला मंचन की योजना बनाई।मंचीय कार्य के लिए पात्रों की उपलब्धता व रामलीला मंचन के लिए प्रयोग में आने वाले सामानों की समस्या सामने आई तो ब्राम्हण व रौनियार समाज के लोग आगे आएं और निःस्वार्थ भक्ति भाव से वह लीला के पात्र बने और आपसी सहयोग से मिल जुलकर पोशाक व अस्त्र शस्त्र की व्यवस्था बनाएं। पहले यह रामलीला सात दिनों तक गंगेश्वरनाथ स्थित राघव जी मंदिर व आसपास के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होती रही इसके बाद श्रीराघवेन्द्र रामलीला कमेटी का गठन हुआ। सन 1900 ई0के आसपास रामलीला के स्थायी मंचन के लिए मीरजापुर के कैलाशनाथ अग्रवाल के पूर्वजों ने दान स्वरूप भूमि उपलब्ध कराई। भूमि उपलब्ध होने के लगभग 35 वर्ष बाद रामलीला प्रेमी बद्री बाबा व खदेरन साव ने भवन व मंच का निर्माण कराया और उसी समय से 21 दिवसीय रामलीला का मंचन शुरू हुआ जो अब तक जन सहयोग से निर्बाध रूप से होती चली आ रही है।इक्कीस दिनों तक चलने वाली इस रामलीला के मंचन के दौरान रामबारात, काली जी की जुलूस, रावण बध (विजयादशमी) व चारों

चुनार में चल रही इक्कीस दिवसीय रामलीला मंचन के दौरान अभिनय करते पात्र।

भाईयों का मिलन (भरत मिलाप) एवं सनक सनंदन यह पांच लीला अलग अलग स्थानों पर होती है जबकि अन्य 16 दिनों की लीला नगर के मध्य स्थित प्राचीन रामलीला मंच पर होती है। इस वर्ष भी यह रामलीला छह अक्टूबर से शुरू हो चुकी है। लीला देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लीला प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लीला मंचन के तीसरे दिन रविवार को रावण की तपस्या, कैलाश पर्वत उठाना, रावण का अत्याचार, शांतनु का दशरथ का श्राप, क्षीर सागर की झांकी आदि लीला का मंचन किया गया।

रामलीला की विशेषता

चुनार। नगर में आयोजित होने वाले रामलीला की यह विशेषता है कि लीला मंचन करने वाले पात्र स्थानीय है जो सरकारी सेवा के साथ ही व्यापार, शिक्षा से जुड़े हुए। दिन भर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के बाद निःस्वार्थ भक्ति भाव से वह मंचीय कार्य में अपना सहयोग प्रदान करते रहते हैं।रामलीला में मूर्ति ब्रम्हाण परिवार के बच्चें बनते हैं इनके अलावा अन्य जाति वर्ग के लोग भी पात्र के रूप में बखूबी अपनी भूमिका निभाते हैं। इस वर्ष की रामलीला में आस्वत पांडेय (राम) अस्मित पांडेय (लक्ष्मण), ओम पांडेय (भरत), अयांश पांडेय द्वारा (शत्रुध्न) का अभिनय किया जा रहा है।

साहित्य पुरोधा पांडेय बेचन शर्मा उग्र ने भी बाल्यावस्था में लीला मंचन के दौरान जानकी का अभिनय किया था।

इन पात्रों के अभिनय की होती हैं चचार्एं एवं प्रशंसा

चुनार। नगर की प्रसिद्ध रामलीला मंचन के दौरान इन पात्रों के अभिनय की लीला प्रेमियों में चचार्एं और उनकी प्रशंसा होती रहती है। लीला मंचन से जुड़े अंगद व बाणासुर अभिनय करने के लिए रामलीला के वरिष्ठ सदस्य रामआसरे दास, जनक व साधु रावण का अभिनय के लिए सेवानिवृत्त दुग्ध इंस्पेक्टर लक्ष्मी शंकर पांडेय, राजा जनक व परशुराम का अभिनय करने के लिए राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विवेकानंद मिश्र रावण का अभिनय करने के लिए गोविंद जायसवाल व पेटफूलनवा राजा के अभिनय के लिए चन्द्रहास गुप्ता का नाम लीला प्रेमियों में चर्चित है।

2 वर्षों में यातायात उल्लंघनकर्ताओं द्वारा 6 करोड़ मूल्य के 23% चालान नहीं चुकाए गए

''हालांकि अवैतनिक चालानों की संख्या 20% से ऊपर है, हमारी यातायात शाखा राज्य में अन्य समकक्षों की तुलना में वसूली के मामले में शीर्ष पर है। हम ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) से लैस ई-चालान उपकरणों की मदद से पिछले जुमार्ने की वसूली करके अवैतनिक बकाया के बोझ को कम करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक चालान प्रणाली को मौके पर ही जुमार्ना वसूलने में सक्षम बनाता है। डीसीपी प्रकाश गायकवाड ने कहा. ई-चालान या तो एएनपीआर कैमरे या सीसीसी में यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा उत्पन्न होते हैं मैन्युअल जुमार्ने के अलावा, 639 ई-चालान या तो स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरों द्वारा या मीरा भयंदर नगर निगम (एमबीएमसी) द्वारा स्थापित कमांड और कंट्रोल सेंटर (सीसीसी) पर कैमरा फुटेज देखने वाले ट्रैफिक पुलिस कर्मियों

द्वारा उत्पन्न किए गए हैं। अप्रैल, 2023 से भयंदर पूर्व में ज्यादातर मामले सिग्नल जंपिंग, मोबाइल फोन पर बात करने या बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने, बिना हेलमेट और ट्रिपल सीट सवारी से संबंधित हैं। विशेष रूप से, जिन मोटर चालकों को दंडित किया गया है, उनके बारे में कहा जाता है कि वे बार-बार अपराध करते हैं। 198 वार्डन के अलावा, काशीमीरा ट्रैफिक यूनिट में 105 कर्मचारी हैं, जिनमें चार अधिकारी और 101 कर्मचारी शामिल हैं, जो 60 हाथ से चलने वाले ई-चालान उपकरणों से लैस हैं। इस बीच, यातायात पुलिस ने नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर पूरे जुड़वां शहर में अपने सीसीटीवी कैमरा तंत्र को बढ़ाने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है। यातायात पुलिस विभाग को जुमार्ना न भरने वाले उल्लंघनकताओं के खिलाफ अदालत में मामला दायर करने का अधिकार है।

संस्था द्वारा प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि0संस्था प्रबंधन समिति की बैठक दि 05अक्तूबर2023को संस्था संरक्षक पंचमराम शर्मा के निजी निवास गोहदा, बरईपार में संपन्न हुई।जिसमें संस्था के मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता अजय कुमार शर्मा जी का जन्मदिन मनाया गया।संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा जी व सभी पदाधिकारीयो ने मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता को साफा पहनाकर, सुंदर सा पुष्पहार व डायरी देकर सम्मानित किये।संस्था अध्यक्ष जी के नेतृत्व में जननायककर्पूरी ठाकुर जी के जन्मदिन,निर्वाण दिवस और रक्तदान शिविर लगवाने को लेकर सभी पदाधिकारीयो ने अपने-अपने विचार व्यक्ति किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी/ प्रमुख सचिव नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा ने किया। अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा,संरक्षक पंचम राम शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा,नागेंद्र शर्मा,प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा,कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा,प्रभारी/ प्रमुख सचिव शैलेंद्र शर्मा,मीडिया प्रभारी/ प्रवक्ता अजय कुमार शर्मा,संगठन मंत्री शैलेंद्र कुमार शर्मा,कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र शर्मा,मुन्ना शर्मा उपस्थित सभी पदाधिकारीयो ने कार्यक्रम का समर्थन किया।अंत में संस्था अध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष को निर्देशित किये कि भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति का उद्देश्य सभी को बताएं।संस्था वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत उद्देश्य....

1. राजनैतिक तिरस्कार, सामाजिक अपमान व आर्थिक कंगाली झेल रही भारत के नाई समाज के हक अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना।

2.केश कला बोर्ड का गठन करने के लिए एकजुट होकर मांग करना।

3.जननायककर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न से सम्मानित करने की सरकार से मांग करना।

4.भिखारी ठाकुर व जननायककर्पूरी ठाकुर जी के नाम से सरकारी विद्यालयों के नामकरण किया जाए।

5.जननायककर्पूरी ठाकुर जी की हर जिले में हर चौराहे पर मूर्ति अनावरण करने के लिए सरकार से मांग करना।

6. समाज के हर बहन बेटियों की सामूहिक शादी करवाना।

7. दैविक आपदाओं में दीन दुखियों का सहयोग करना।

8.शादी विवाह में गरीब असहाय बहनों की मदद करना।

9.जगह - जगह रक्तदान शिविर लगाकर ब्लड बैंक जमा करके जरूरतमंद लोगों की मदद करना व सहायता करना।

10.समाज के लोगों के सुख-दुख में पहुंचकर उनका मनोबल बनाना।

11. समाज के बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह द्वारा सम्मानित करना।

12. जननायककर्पूरी ठाकुर के जयंती पर हर विद्यालय व सरकारी संस्थाओ में अवकाश दिलवाना।

13.समाज के बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करना और गरीब बच्चों को सहायता प्रदान करना।

हमारे संस्था का यही मुख्य उद्देश्य है।

भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. टीम

युवा वाहिनी फाउंडेशन का सम्मान समरोह व पद वितरण का कार्यक्रम सम्पन्नः

युवा वाहिनी फाउंडेशन द्वारा राम गिरी आश्रम आम्बे शिव बुडुक बदलापुर (पश्चिम) में कवड़ियों का सम्मान व पद वितरण का का कार्यक्रम धूमधाम से किया गया.

युवा वाहिनी फाउंडेशन द्वारा कावड यात्रा विगत कई वर्षो से निकाला जाता हैं .जिसके उपलक्ष्य मे सम्मान समारोह के साथ संस्था विस्तार करते हुए पद वितरण का कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक राव जी राष्ट्रीय खजिनदार रामानंद चौरसिया जी राष्ट्रीय सचिव अक्षय कुमार कुशवाहा जी के नेतृत्व में स्वामी कृष्णानन्द सरस्वती महाराज जी के आशीर्वाद से कावड यात्रियों का स्वागत व पद का वितरण किया गया. युवा वाहिनी फाउंडेशन के पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र भी महाराज जी के हाथों दिया गया जिसमें प्रमुख रूप से नेवाली अध्यक्ष माननीय पंकज सिंह नेवाली उपाध्याय राहुल पाण्डेय कल्याण पूर्व अध्यक्ष त्रिभुवन चौधरी जी उपाध्याय संतराम मौर्या जी कल्याण पश्चिम के अध्यक्षअवधेष केशरी टिटवाला अध्यक्ष माननीय रामजीत सदानंद तिवारी उपाध्याय माननीय प्रदीप तिवारी अम्बरनाथ अध्यक्ष माननीय कमलेश गुप्ता उपाध्याय माननीय राजकुमार कुशवाहा डोंबिवली अध्यक्ष माननीय संतोष कनौजिया . टिटवाला अध्यक्ष माननीय रंजीत सिंह उल्हासनगर पूर्व अध्यक्ष माननीय प्रदुम्मन विश्वकर्मा जी उपाध्याय धर्मेंदर सिंह . इसके अलावा आये हुए अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यच अभिषेक राव ने स्वागत करते हुए कहा की सनातन धर्म को आगे बढ़ाना हम सभी का उद्देश्य है. जिससे हर सनातनी का कर्तव्य बनता हँ की धार्मिक कार्यो को उत्साह व हर्षोल्लास के मनाना चाहिये . कार्यक्रम मे भारी संख्या में उपस्थित पदाधिकारी और महिला पदाधिकारी को सम्मानित किया गया .

ग्लोबल कैंसर ओष्टमी केयर फाउंडेशन की टीम ने मैहर में स्थित मां शारदा के दरबार में

ओष्टमी मरीजों को दिव्यांग श्रेणी में लाने का अनुरोध

मुंबई। 2 अक्टूबर 2023 को ग्लोबल कैंसर ओष्टमी केयर फाउंडेशन कि समर्पित टीम ने मैहर में स्थित मां शारदा देवी का दर्शन किया ओष्टमी मरीजों को दिव्यांग में लाने के लिए मां शारदा के दरबार में जाकर अनुरोध किया। साथ साथ जगद्गुरु रामभद्राचार्य का सतना में चल रहे प्रवचन में जाकर हमने ज्ञापन को दिया । और अनुरोध किया कि हमारी आवाज को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचा दें। ओष्टमी बीमारी को पिछले 4 साल से दिव्यांग की श्रेणी में लाने के लिए काफी संघर्ष किया जा रहा हैं। सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक हमारे विषय पर पूरी तरह से संज्ञान ना लेते हुए यह बीमारी मेडिकल कंडीशन है। ऐसा कहकर बार-बार हमें निराश कर रहे हैं। जबकि या बीमारी का कोई विकल्प नहीं है और इस बीमारी को विदेश के विकसित देशों में दिव्यांग का दर्जा प्राप्त हुआ हैं। तो भारत देश में क्यों नहीं ? संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल यादव, सचिव राजेंद्र गुप्ता ट्रस्टी चंद्र भूषण शुक्ला, सलाहकार सतीश चंद्र गुप्ता, कोऑर्डिनेटर मनोज मिश्रा तथा सपोर्ट टीम से पतंजलि मिश्रा और ओमप्रकाश विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित थें।

भाजपा कामगार मोर्चा के महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर संजय शर्मा की नियुक्ति

मुंबई-भारतीय जनता पार्टी कामगार मोर्चा महाराष्ट्र प्रदेश में उपाध्यक्ष पद पर संजय शर्मा जी को नियुक्त किया गया है भाजपा कामगार मोर्चा के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष विजय हरगुड़े ने संजय शर्मा को नियुक्ति पत्र सोते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी कामगार मोर्चा के तमाम पदाधिकारी और कार्यकताओं के बीच में संजय शर्मा को नियुक्ति पत्र दिया गया ।

अध्यक्ष ने कहा कि आप अपने संगठन कौशल का उपयोग पूरे महाराष्ट्र राज्य में भारतीय जनता पार्टी कामगार मोर्चा के संगठन को बढ़ाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए अथक प्रयास करेंगे बता दें कि संजय शर्मा भाजपा के कट्टर पहचानने और जानने वाले समाज सेवक हैं उनके कर्तव्य परायणता के वजह से उन्हें इस बड़े पद का दायित्व सौपा गया है।

संजय शर्मा ने कहां की अपनी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी के दायित्व का निर्वहन करुंगा और सिर्फ नेतृत्व के निदेर्शों का पालन तथा अपने सभी कार्यकताओं को विश्वास में लेकर पार्टी के हित में काम करता रहूंगा। संजय शर्मा जी की नियुक्ति पर क्षेत्र में और समाज में खुशियों का माहौल है संजय शर्मा ने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया है।

आज 08/10/23 को भदोही जिला अध्यक्ष श्री कैलाश शर्मा जी से मुलकात हुई डॉ लवकुश शर्मा समाजसेवी जिला अध्यक्ष प्रयागराज भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति समाज के लोगों के बीच विकास के कार्य करने के कुछ चचाएं हुई । संजय शर्मा सिंगर महजुद थे । नाई एकता जिंदाबाद, जय कर्पूरी ठाकुर.

मुलुंड में जीवितपुत्रिका व्रत (ज्युतिया)पुजन समारोह संपन्न

मुंबई- अपने बच्चों के दीघार्यु एवम स्वस्थ जीवन हेतु उत्तर भारतीय महिलाओं द्वारा मुलुंड में 50 वर्षों से जीवितपुत्रिका व्रत (ज्युतिया)पुजन समारोह का आयोजन स्व. रामकृपाल सिंह प्रांगण, भानबाई निवास,एम.जी.रोड,गोकुल हास्पीटल के सामने, मुलुंड प.पर किया जा रहा है। पुजन की व्यवस्था युवा ब्रिगेड एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.सचिन सिंह द्वारा की गई इस अवसर पर श्रीमती बबना देवी सिंह, जयबाला सिंह, हेमलता सिंह, आरती सिंह, साधना सिंह,बासमती देवी,अनिता सिंह, उषा सिंह,चार्मी सावला,पिंकी सिंह,माधुरी,विभा सिंह, नीतू सिंह,नीलम,सुषमा,प्रिया जैन ने पूजन करने पहुंची श्रद्धालु महिलाओं एवम उनके परिजनों का स्वागत किया। वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबुलाल सिंह,डॉ. सचिन सिंह,श्रीराम सिंह, मोहित सिंह,महानंद सिंह,भीमा रेड्डी, अनिल सिंह, नवीन सिंह,संदेश सिंह सहित कई गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे। हर वर्ष सैकड़ो उत्तर भारतीय श्रद्धालु महिलायें निर्जल व्रत रख करअपने बच्चों के दीघार्यु एवम स्वस्थ जीवन की कामना लेकर यहां पूजनकरने आती हैं।



वैजीनाथ जेष्ठ नागरिक संघ, वैजापुर, चे अध्यक्ष प्रकाश सेठ बोथरा इनका महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के orse सम्मान करते हुए अध्यक्ष अशोक पवार khandalkar

येवला निवासी अनुपमा मढ़े इनकी नाशिक जिला बीजेपी महिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने पर वैजापुर में जीवाजी महाले जयंती कार्यकम मे सम्मान करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार, सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यिक धोंडीराम सिंह ठाकुर सर, विलास मथुरिया आदी मान्यवर।

वैजापुर की पुर्व नगराध्यक्ष, बीजेपी के जिल्हा सर चिटनिस, जिला बैंक संचालक, सबके चहते, डॉ दिनेश भाऊ परदेशी इन्हें जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार, विलास मथुरिया, दिलीप अनार्थे, संजय वाघ, आदी मान्यवर।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com